## विचार गोष्ठी आयोजित

**भरतपुर** । कृषि महाविद्यालय भुसावर पर बुधवार को विश्व उपभोक्ता अधिकार सप्ताह के उपलक्ष में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस 2025 की थीम ''न्याय संगत परिवर्तन के लिए सतत जीवन शैली'' का उद्देश्य उपभोक्ताओं के लिए सतत और स्वस्थ जीवनशैली को सर्वसुलभ और किफायती बनाना है। उन्होंने कहा कि यह थीम पर्यावरणीय संतुलन और उपभोक्ताओं के मूल अधिकारों की सुरक्षा के बीच एक समन्वय स्थापित करने पर बल देती है। इस दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं के उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना हैं। कई कम्पनी अपने माल का भ्रामक प्रचार करके उपभोक्ताओं का शोषण करती हैं। हमें ऑनलाइन लेन देन, साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता सुनिश्चित करने हेतु सावचेत होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी को नैतिकता से व्यापार करना चाहिए, उपभोक्ता को शुद्ध सामग्री देने वाली कम्पनी उपभोक्ता की पहली पसंद बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें सामग्री की पैकिंग के लिए प्लास्टिक के उपयोग से बचना चाहिए।

# अपहरणकर्त्ताओं के चंगुल से नाबालिग लड़की को छुड़वाने की मांग

## मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा सर्वसमाज ने ज्ञापन

- लडकी के नामजद अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर नाबालिग लड़की को बरामद कराकर आरोपियों पर कानूनन सख्त कार्रवाई की जाएं।
- अभी तक नहीं हुई आरोपियों को गिरफ्तारी

**कामां** । कामां विधानसभा क्षेत्र के कैथवाड़ा में हुए अपहरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा तहसीलदार संदीप जैन को सौंपा ज्ञापन। ज्ञापन में बताया गया कि थाना कैथवाडा में दर्ज एफआईआर नं0 0018/25 में नाबालिग लडकी के नामजद अपहरणकर्त्ताओं को गिरफ्तार कराने व अपहरणकर्त्ताओं के चंगुल से नाबालिग लडकी को छुडवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

कैथवाड़ा थाने के गांव इकलेरा की नाबालिग लडकी का लगभग दो माह पूर्व अपहरणकर्त्ता अपहरण कर ले गये है जिसका मुकदमा थाना कैथवाडा में एफआईआर नं0 0018/25 पर दर्ज किया गया है। घटना के दो माह बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन ने अभी तक अपहरणकर्ताओं को ना तो गिरफ्तार किया है और ना ही नाबालिग लडकी को बरामद किया है जिससे ठाामीणों में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी बनी हुई है और अपहरणकर्त्ता खुलेआम घूम रहे है। अपहरणकर्त्ता बाहुबलि व दबंग प्रवृत्ति के है।

इकलेरा गांव में पीड़ित व्यक्ति का अकेला परिवार है। ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी की नाबालिग लडकी के नामजद अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर नाबालिग लडकी को बरामद कराकर आरोपियों पर कानूनन सख्त कार्रवाई की जाएं।

यदि समय रहते पुलिस प्रशासन ने आरोपियों को गिरफतार नहीं किया व नाबालिग लड़की को चुंगल से नहीं छुड़ाया तो सर्वसमाज आन्दोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने वाले नारायण दत्त शर्मा मंडल अध्यक्ष जुरहरा, विनोद मानवी पूर्व मंडल अध्यक्ष, मेहन्दर रुहिला पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, फंटूलाल जुरहरा युवा जिलामंत्री ब्राह्मण समाज भरतपुर, महेश चंद्र शर्मा बृज मेवात ब्रह्मण राठ महासभा अध्यक्ष, सोहनलाल शर्मा , धर्म गुर्जर, सुनील सहसन, राजवीर पंडित पाई, रामपाल पटैल पाई, प्रेमचंद वामनी, राष्ट्रीय वीर सेना जाट महासभा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, मेहन्दर नौगांव सहित सर्वसमाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

आगामी 21 और 22 मार्च को पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत साहब के भरतपुर दौरे को लेकर कांठोस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारीयों पर चर्चा की। उसके बाद जिला अध्यक्ष सूपा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अपना घर आश्रम का दौरा किया । कांठोस के जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि अपना घर आश्रम में डॉक्टर बी, एम, भारद्वाज के सानिध्य में जिलाध्यक्ष सूपा ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम स्थल स्प्रिचुअल पार्क का निरीक्षण करने के बाद डॉक्टर भारद्वाज के साथ बैठक कर तैयारीयों को अंतिम रूप दिया।

इस अवसर पर चुन्नी कप्तान,जगदीश बंजी,मनोज पटेल, रामेश्वर सैनी,दीनदयाल जाटव, योगेश सिंघल, दयाचंद पचौरी,भरत गादोली, विक्रम प्रधान सहित अपना घर आश्रम के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## एक दिवसीय ट्रेनिंग

**करौली** । राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नव नियुक्त नर्सिंग ऑफिसर की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। जिसमें आरसीएचओ डॉ.राजेश बैरवा, जिला प्रोठााम समन्वयक विश्वेंद्र शर्मा सहित नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित रहे। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी परिवार कल्याण डॉ. सतीश चंद मीणा द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी नर्सिंग ऑफिसर को मानसिक स्वास्थ्य एवं नशे हेतु जागरूकता फैलाने एवं ठाॉस रूट लेवल पर नशे के रोगियों को नशा छोडने के बारे में बताया।


## कार्यालय जिला पुलिस अधीक्षक करौली

क्रमांक:-स्टोर/स्टेशनरी निविदा/2025-26/91-106 दिनांक: 19.03.2025

निविदा की अनुमानित लागत-04 लाख रूपये

### निविदा सूचना :- खुली निविदा

वित्तिय वर्ष 2025-26 के लिए स्टेशनरी/विविध सामग्री क्रय करने हेतु निम्नानुसार खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 24.03.2025 तक कार्यालय समय में उपस्थित होकर निविदा प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 26.03.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक प्राप्त कर उसी दिनांक 26.03.2025 को 04.30 पी.एम. समस्त निविदा दाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा दाता निविदा के साथ धरोहर राशि 8000/- रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट/चैक जो जिला पुलिस अधीक्षक करौली के नाम देय होगा धरोहर राशि के लिए चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट संलग्न नहीं होने की स्थिति में निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा की शर्तें एवं स्टेशनरी/निविदा सामग्री का विवरण इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला पुलिस करौली की वेबसाईट karaulipolice.gov.in/SPPP PORTAL पर उपलब्ध है।

**स्टेशनरी/विविध सामग्री कार्य से सम्बन्धित शर्तें:-**

1. समस्त आईटमों की दरें सभी करों सहित अंकित की जावे।
2. निविदा प्रपत्र 200/- रूपये नकद जमा करवाकर निविदा जारी किये जाने की तिथि से कार्यालय समय में निर्धारित दिनांक 25.03.2022 को दोपहर 2.00 बजे तक इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त निविदा 26.03.2025 सायं 4.30 बजे खोली जावेगीं।
3. धरोहर राशि नकद/चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में रूपये 8000/- मात्र जमा कराना आवश्यक है। धरोहर राशि पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। धरोहर राशि के अभाव में निविदा अमान्य होगी।
4. दर प्रति नग सामग्री की मेक सहित अलग-अलग अंकित की जावे। दरों में काट छांट या ओवरराईटिंग मान्य नहीं होगी। वेट राशि यदि अलग हो तो स्पष्ट अंकित करें।
5. सशर्त या तार द्वारा प्राप्त दरें मान्य नहीं होगी।
6. दी गई दरें वित्तीय वर्ष 2025-26 की दिनांक 31.03.2026 तक मान्य होंगी तथा इस कार्यालय आवश्यकता अनुसार अनुबन्धित दरें पर अनुमोदित फर्म द्वारा सामग्री कार्य आदेश के 15 योम के अन्दर सप्लाई करना अनिवार्य होगा। अनुबन्धित दरों को पारस्परिक सहमति से आगे भी बढाया जा सकता है।
7. किसी भी निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधोहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा।
8. निर्धारित तिथि एवं समयोपरान्त प्राप्त निविदाऐं अमान्य होगी। किसी भी स्थिति में नहीं लौटाया जावेगा।
9. अनुमोदित फर्म को पुलिस अधीक्षक कार्यालय करौली में सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
10. सामग्री का निरीक्षणोपरान्त भुगतान किया जावेगा।
11. आवेदित फर्म को टिन नम्बर एवं आयकर/बिक्रीकर क्लीयरेन्स का प्रमाण पत्र/जीएसटी नम्बर भी संलग्न करना होगा। प्रमाण पत्र के अभाव में निविदा स्वीकृत नहीं की जावेगी।

( बृजेश ज्योति उपाध्याय )
जिला पुलिस अधीक्षक
करौली


## वृंदावन में विप्र संसद 12 को

**भरतपुर** । महेश शर्मा पूर्व अध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार , किशोर शर्मा कांग्रेस नेता प्रदेश प्रवक्ता, यश परासर से हमेंद्र शर्मा चीकू युवा नेता देवा शीष भारद्वाज अनिल भारद्वाज प्रदेश अध्यक्ष विप्र फाउंडेशन शिक्षा प्रकोष्ठ ने स्वागत भवन भरतपुर में शिष्टाचार भेंट की । महेश शर्मा ने ब्राहमण समाज के राजनिति सामाजिक शैक्षिक उन्नयन देश की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की । महेश शर्मा ने समाज के हितार्थ अपने कार्य काल में किये कार्यो के बारे में बताया तथा सरकार कीयोजनाओं के बारे जानकारी दी ।

अनिल भारद्वाज प्रदेश महामंत्री ब्रज प्रांत अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा ने बताया आगामी 12अप्रेल 2025 को महा सभा वृंदावन में विप्र संसद करने जा रहा है।

# फर्जी कागजों से पद हथियाने का थाने में कराया मामला दर्ज

**करौला** (निं.सं.) प्रशासन एवं जनता को धोखा देते हुए सरपंच पंचायत समिति प्रधान का पद मिथ्या एवं कूटरचित दस्तावेजों से हथियाकर सरपंच पद का पूरा कार्यकाल का लाभ सहित वर्तमान में प्रधान पद का लाभ लेने का आरोप लगाते हुए न्यायालय में इस्तगासा पेश कर महिला थाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मामला सैमरदा ठााम पंचायत के सरपंच पद का और करौली पंचायत समिति के प्रधान का है जिसका मामला सैमरदा गॉव निवासी हंसराज मीणा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट करौली के यहां इस्तगासा दर्ज कराते हुए खुलासा करते हुए बताया कि ठााम पंचायत के वर्ष 2005 में हुए सरपंच पद के चुनाव में सैमरदा ठााम पंचायत से हुकमबाई मीणा पत्नी जलधारी मीना ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल करते समय संतान कि गलत तरीके से तथ्य छुपाते हुए नामांकन भरा गया नाम निर्देशन में दो पुत्र दार्शाये गये जबकि उस समय तीन संतान थी इसी प्रकार पंचायत समिति सदस्य के हुए चुनाव वर्ष 2021 में नाम निर्देशन में जलधारी मीना और उनकी पत्नी हुकुमबाई द्वारा अपनी बड़ी पुत्री वीणा कुमारी को छिपाते हुए दो पुत्र पुष्पेंद्र एवं हेमेंद्र को ही दर्शित किया गया और गलत तरीके से धोखा देते हुए चुनाव जीता उन्होंने इस्तगासा मे खुलासा करते हुए बताया कि हुकुमबाई एवं उसके पति जलधारी मीना दोनों ही की उद्घोषणाओं एवं नाम निर्देशन पत्रों से दोनों पति-पत्नी के कुल तीन संतान होना प्रथम दृष्टा होने के द्वारा पेश किए गए संतानों के विवरण एवं शपथ पत्रों से साबित किया गया है इस प्रकार आपराधिक षडयंत्र रचकर गलत तरीके से एक अयोग्य उम्मीदवार होते हुए भी चुनाव लड़ने का आरोप लगाते हुए बताया कि गलत तरीके से लाभ का पद ठाहण किया गया उन्होंने इस्तगासा में खुलासा किया कि संतान के तथ्यों को छुपाते हुए वर्ष 2005 में हुकुमबाई ने सरपंच पद जीत कर पूरे कार्यकाल का लाभ लिया इसी प्रकार वर्ष 2021 में पंचायत समिति सदस्य के हुए चुनाव में भी पति-पत्नी ने संतान के तथ्य छिपाकर हुकुमबाई ने सरपंच पद जीत दर्ज की।

## करंट लगने से भैस मरी

**करौली** । लोहे के विद्युत पोल में करंट उतरने से राजू शर्मा पिपरानी वाले कि भैंस के करंट लगने से घटनास्थल पर ही मृत्यु हुई। जिला मुख्यालय स्थित 132 जीएसएस कॉलोनी निवासी राजू शर्मा पिपरानी वाले कि भैंस के विद्युत करंट लगने से करीब सवा लाख रुपये कीमत की भैंस की मौके पर ही मृत्यु हो गई जानकारी के अनुसार कॉलोनी के बीचो-बीच होकर 11 हजार केवीए कि विद्युत लाइन मकानो के ऊपर होकर निकल रही है जिससे कॉलोनी निवासियों के ऊपर मौत मंडरा रही है जिसके लिए कॉलोनी वासियों ने कई बार विद्युत निगम के अधिकारियों और जिला प्रशासन के अधिकारियों को लिखित में विद्युत लाइन को हटाने कि मांग कर चुके हैं लेकिन ना तो विद्युत निगम के अधिकारियों ने ना ही जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आज तक ध्यान नहीं दिया है।


## कार्यालय भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

फोन न0 05644-230688 वेवसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur.com

क्रमांक:-नीलामी / 2025 / 2629 दिनांक 18.03.2025

**ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का सुनहरा अवसर**

भरतपुर विकास प्राधिकरण भरतपुर द्वारा विभिन्न योजनाओं में आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्ड ई-ऑक्शन द्वारा नीलाम किये जा रहे है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | योजना का नाम | भूखण्ड संख्या | साईज फुट व मीटर में | क्षेत्रफल व.ग./व.मी. | आरक्षित दर प्रति व.ग./व.मी. (लीज हेतु) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) | ई-ऑक्शन प्रारम्भ करने की दर | नीलामी दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बिल्डिंग मैटेरियल योजना संख्या-14 (व्यावसायिक) | TYPE-A 47,48 | 10X30 | 300.00 | 14000 व.मी. | 155000 | 25,600.00 | |
| 2 | | TYPE-A 132 | 10X20 | 200.00 | 14000 व.मी | 105000 | 26,100.00 | |
| 3 | | TYPE-C 51 | 06X15 | 90.00 | 14000 व.मी | 50000 | 25,100.00 | |
| 4 | | TYPE-C 65, 90, 91 | 4.50X15 | 67.50 | 14000 व.मी | 45000 | 32,100.00 | |
| 5 | | TYPE-C 167, 168 | 03X10 | 30.00 | 14000 व.मी | 35000 | 53,000.00 | |
| 6 | | TYPE-C 272 | 03X03 | 9.00 | 14000 व.मी | 15000 | 65,200.00 | |
| 7 | | TYPE-D 3 | 30X30 | 900.00 | 14000 व.मी | 765000 | 42,500.00 | |
| 8 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना (व्यावसायिक) | 69,74 | 25'X80' | 222.22 | 17000 व.गज | 200000 | 43,500.00 | 25 से 26 मार्च 2025 |
| 9 | | X22 | 10'X20' | 22.22 | 17000 व.गज | 35000 | 75,000.00 | |
| 10 | एसपीएम नगर योजना (आवासीय) | 61 | 50'X69' | 383.33 | 11000 व.गज | 510000 | 66,000.00 | |
| 11 | | 834,835 | 18'X35' | 70.00 | 11000 व.गज | 95000 | 67,300.00 | |
| 12 | एसपीएम नगर योजना (व्यावसायिक) | BLOCK-A 49,50, 51 | 3X6 | 18.00 | 11000 व.गज | 35000 | 94,500.00 | |
| 13 | | BLOCK-A 32, 33, 34 | 3X6 | 18.00 | 11000 व.गज | 35000 | 85,000.00 | |
| 14 | | BLOCK-A 7 | 6X(13.88+13.95)/2 | 83.47 | 11000 व.गज | 130000 | 75,000.00 | |
| 15 | बिल्डिंग मैटेरियल योजना संख्या-14 (व्यावसायिक) | TYPE-A 49, 50, 51 | 10X30 | 300.00 | 14000 व.मी | 155000 | 25,600.00 | 22 से 23 अप्रैल 2025 |
| 16 | | TYPE-B 30,32,33,34 | 06X20 | 120.00 | 14000 व.मी | 80000 | 32,100.00 | |
| 17 | | TYPE-B 77 | 10X20 | 200.00 | 14000 व.मी | 130000 | 32,100.00 | |
| 18 | | TYPE-C 52 | 06X15 | 90.00 | 14000 व.मी | 50000 | 25,100.00 | |
| 19 | | TYPE-C 92,93,94 | 4.50X15 | 67.50 | 14000 व.मी | 45000 | 32,100.00 | |
| 20 | | TYPE-C 169, 170 | 03X10 | 30.00 | 14000 व.मी | 35000 | 53,000.00 | |
| 21 | | TYPE-C 296,303 | 03X03 | 9.00 | 14000 व.मी | 15000 | 65,200.00 | |
| 22 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना (व्यावसायिक) | 442 (CORNER) | 20'X60' | 133.33 | 17000 व.गज | 135000 | 50,000.00 | |
| 23 | | 75,77 | 25'X80' | 222.22 | 17000 व.गज | 200000 | 43,500.00 | |
| 24 | | 414 (CORNER) | 10'X20' | 22.22 | 17000 व.गज | 55000 | 1,20,000.00 | |
| 25 | एसपीएम नगर योजना (आवासीय) | 817 | (32'+42)/2X69' | 283.67 | 11000 व.गज | 260000 | 45,400.00 | |
| 26 | | 840,841 | 18'X35' | 70.00 | 11000 व.गज | 95000 | 67,300.00 | |
| 27 | एसपीएम नगर (व्यवसायिक ब्लॉक) | BLOCK-A 52, 53, 54 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 35000 | 94,500.00 | 22 से 23 अप्रैल 2025 |
| 28 | | BLOCK-A 35, 36, 37 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 35000 | 85,000.00 | |
| 29 | एसपीजैड योजना (आवासीय) | B-9 Corner | 10X18 | 180.00 | 10500 व.मी | 155000 | 42,200.00 | |
| 30 | | C-65 Corner | 10X12 | 120.00 | 10500 व.मी | 105000 | 42,200.00 | |
| 31 | | D-12 Corner | 15X20 | 300.00 | 10500 व.मी | 255000 | 42,200.00 | |
| 32 | | D-37 Corner | 9.5X15 | 171.00 | 10500 व.मी | 145000 | 42,200.00 | |
| 33 | | E-21 Corner | 14X20 | 280.00 | 10500 व.मी | 240000 | 42,200.00 | |
| 34 | बिल्डिंग मैटेरियल योजना संख्या-14 (व्यावसायिक) | TYPE-A 52, 53 | 10X30 | 300.00 | 14000 व.मी | 155000 | 25,600.00 | 13 से 14 मई 2025 |
| 35 | | TYPE-A 133 | 10X20 | 200.00 | 14000 व.मी | 105000 | 26,100.00 | |
| 36 | | TYPE-B 55, 56, 57 | 06X20 | 120.00 | 14000 व.मी | 80000 | 32,100.00 | |
| 37 | | TYPE-C 54 | 06X15 | 90.00 | 14000 व.मी | 50000 | 25,100.00 | |
| 38 | | TYPE-C 95, 96, 97 | 4.50X15 | 67.50 | 14000 व.मी | 45000 | 32,100.00 | |
| 39 | | TYPE-C 172, 173 | 03X10 | 30.00 | 14000 व.मी | 35000 | 53,000.00 | |
| 40 | | TYPE-C 308, 310 | 03X03 | 9.00 | 14000 व.मी | 15000 | 65,200.00 | |
| 41 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना (व्यावसायिक) | 78 | 25'X80' | 222.22 | 17000 व.गज | 195000 | 43,500.00 | 13 से 14 मई 2025 |
| 42 | | 120 | 20'X60' | 133.33 | 17000 व.गज | 105000 | 38,100.00 | |
| 43 | | X23 | 10'X20' | 22.22 | 17000 व.गज | 35000 | 75,000.00 | |
| 44 | एसपीएम नगर योजना (आवासीय) | 847, 848 | 18'X35' | 70.00 | 11000 व.गज | 95000 | 67,300.00 | |
| 45 | एसपीजैड योजना (आवासीय) | H-110 CORNER | 25 X 15 | 375.00 | 10500 व.मी | 275000 | 36,600.00 | |
| 46 | | B-10 Corner | 11.3X18 | 203.40 | 10500 व.मी | 175000 | 42,200.00 | |
| 47 | | B-160 CORNER | 7.6 X 9 | 68.40 | 10500 व.मी | 60000 | 42,200.00 | |
| 48 | | C-66 Corner | 10X12 | 120.00 | 10500 व.मी | 105000 | 42,200.00 | |
| 49 | | D-64 CORNER | 9.5 X 9 | 85.50 | 10500 व.मी | 75000 | 42,200.00 | |
| 50 | | E-140 CORNER | 9 X 9 | 81.00 | 10500 व.मी | 70000 | 42,200.00 | |
| 51 | सैक्टर नं0-03 (व्यावसायिक) | 59, 60, 61 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 85000 | 2,23,100.00 | |
| 52 | सैक्टर नं0-03 (आवासीय) | 13 CORNER | 39X89 | 385.66 | 11000 व.गज | 645000 | 83,500.00 | |
| 53 | | 24 CORNER | 58X69 | 444.67 | 11000 व.गज | 745000 | 83,500.00 | |
| 54 | बिल्डिंग मैटेरियल योजना संख्या-14 (व्यावसायिक) | TYPE-A 54, 55, 56 | 10X30 | 300.00 | 14000 व.मी | 155000 | 25,600.00 | 03 से 04 जून 2025 |
| 55 | | TYPE-B 58, 59, 60, 61 | 06X20 | 120.00 | 14000 व.मी | 80000 | 32,100.00 | |
| 56 | | TYPE-C 55 | 06X15 | 90.00 | 14000 व.मी | 50000 | 25,100.00 | |
| 57 | | TYPE-C 118,119,120 | 4.50X15 | 67.50 | 14000 व.मी | 50000 | 32,100.00 | |
| 58 | | TYPE-C 174, 175 | 03X10 | 30.00 | 14000 व.मी | 35000 | 53,000.00 | |
| 59 | | TYPE-C 311 | 03X03 | 9.00 | 14000 व.मी | 15000 | 65,200.00 | |
| 60 | | TYPE-D 8 | 30X30 | 900.00 | 14000 व.मी | 765000 | 42,500.00 | |
| 61 | ट्रांसपोर्ट नगर योजना (व्यावसायिक) | 80,88 | 25'X80' | 222.22 | 17000 व.गज | 195000 | 43,500.00 | |
| 62 | एसपीएम नगर योजना (आवासीय) | 155 | 39X89 | 385.67 | 11000 व.गज | 425000 | 55,000.00 | |
| 63 | | 849, 850 | 18'X35' | 70.00 | 11000 व.गज | 95000 | 67,300.00 | |
| 64 | एसपीएम नगर (व्यवसायिक ब्लॉक) | BLOCK-A 47, 48,61 | 6X12 | 72.00 | 22000 व.गज | 140000 | 94,300.00 | |
| 65 | | BLOCK-A 58,59, 60 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 35000 | 94,500.00 | |
| 66 | | BLOCK-A 41, 42, 43 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 35000 | 85,000.00 | |
| 67 | | BLOCK-A 5 | 6X(13.73+13.80)/2 | 82.57 | 22000 व.गज | 125000 | 75,000.00 | |
| 68 | | BLOCK-B B2 | (17.77+28.64)/2X (48.90+50.66)/2 | 1140.935 | 22000 व.गज | 1100000 | 48,000.00 | |
| 69 | सैक्टर नं0-03 (व्यावसायिक) | 32, 62, 64 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 85000 | 2,23,100.00 | |
| 70 | | 75 | 2.30 X 6 | 13.80 | 22000 व.गज | 85000 | 2,23,100.00 | |
| 71 | सैक्टर नं0-03 (आवासीय) | 12 CORNER, | 39X89 | 385.66 | 11000 व.गज | 645000 | 83,500.00 | 03 से 04 जून 2025 |
| 72 | | 104 CORNER | 80X89 | 791.11 | 11000 व.गज | 1325000 | 83,500.00 | |
| 73 | एसपीजैड योजना (आवासीय) | B-145 Corner | 7.6X9 | 68.40 | 10500 व.मी | 60000 | 42,200.00 | |
| 74 | | B-161 Corner | 7.6X9 | 68.40 | 10500 व.मी | 60000 | 42,200.00 | |
| 75 | | D-13 Corner | 15X17 | 255.00 | 10500 व.मी | 220000 | 42,200.00 | |
| 76 | | D-38 Corner | 9.5X15 | 171.00 | 10500 व.मी | 145000 | 42,200.00 | |
| 77 | एसपीजैड योजना (व्यावसायिक) | A 6-7 Corner | 18.6X20 | 372.00 | 21000 व.मी | 335000 | 45,000.00 | |

1. क.स. 1 से 77 के भूखण्डों हेतु रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि, पहचान पत्र अपलोड करने की कार्यवाही दिनांक 20.03.2025 को प्रातः 10 बजे से सारणी मे अंकित बोली प्रारम्भ किये जाने की तिथि से एक दिवस पूर्व सांय 6 बजे तक की जावेगी।
2. आमजन को सूचित किया जाता है कि अगर नीलामी में रखे गये भूखण्डों पर किसी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया हो तो नीलामी से पूर्व मय साक्ष्य के प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें।
3. ई-ऑक्शन हेतु वेबसाईट :- urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur on E services, property auction, click on link here for E-auction details पर बोली लगा सकते है।

राज.संवाद / सी / 24 / 13431 सचिव आयुक्त


# बाल मैत्रीपूर्ण अभियान का आगाज

**करौली** । करौली जिलें में बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण स्थापित कर बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान चलेगा।

जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक आशीष बंसल ने बताया कि जिलें में एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा प्रोटेक्शन चिल्ड्रन फ्रोम दी रिस्क ऑफ लेवर एंड माइठोन परियोजना के अंतर्गत बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग, महिला अधिकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायतीराज एवं श्रम विभाग आदि के साथ समन्वय स्थापित कर बाल संरक्षण के लिए बाल मैत्रीपूर्ण करौली अभियान का आगाज 20 मार्च से किया जा रहा है जो 21 अप्रैल तक चलेगा। इस अभियान के तहत जिलें में बाल विवाह,बाल श्रम,बाल तस्करी,बाल शोषण,भिक्षावृति, कन्याभ्रूण हत्या कि रोकथाम एवं गुमशुदा बच्चों, बालश्रम, बाल बंधुआ श्रम में लिप्त बच्चों की पहचान कर उनको रेस्क्यू कराने एवं उनके पुनर्वास के लिए विशेष प्रयास किये जाकर बाल मैत्रीपूर्ण वातावरण स्थापित कर बाल संरक्षण को प्रभावी बनाया जायेगा। सहायक निदेशक ने बताया कि बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय विशिष्ट कार्य योजना का अनुमोदन किया गया। कार्य योजना अनुसार इस अभियान के अंतर्गत जागरूकता, रेस्क्यू एवं पुनर्वास के लिए कार्य किया जायेगा। इस पूरे अभियान में एक्शनएड-यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा को सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित आंगनबाड़ी, विद्यालय एवं पंचायत स्तरीय गतिविधियों से लेकर जिला स्तरीय गतिविधियों का क्रियान्वयन कराने हेतु अधिकृत किया गया है।

## शांति व्यवस्था के लिए अधिकारी नियुक्त

**करौली** । जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सेना ने बताया कि श्री कैलादेवी मेला 27 मार्च से प्रारम्भ होकर 11 अप्रैल तक सम्पन्न होगा । उन्होंने बताया कि मेले में बाहर से भारी संख्या में दर्शनार्थी दर्शन करने आते है इस संबंध में कानून व लोक व्यवस्था बनाये रखने हेतु अधिकारीगणों कि नियुक्ति की गई है जिसमें जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा को नोडल अधिकारी,उपखण्ड मजिस्ट्रेट करौली प्रेमराज मीना को मेला मजिस्ट्रेट,उपखण्ड मजिस्ट्रेट मण्डरायल कमलचंद शर्मा को अतिरिक्त मेला मजिस्ट्रेट, तहसीलदार करौली महेन्द्र सिंह गुर्जर को सहायक मेला मजिस्ट्रेट, नायब तहसीलदार कैलादेवी संतोष कुमार गुप्ता को सहायक मेला मजिस्ट्रेट व नायब तहसीलदार मण्डरायल शीशराम को सहायक मेला मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है।

# 'युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाना ही मूल उद्देश्य'

## उचित रोजगार उपलब्ध करवाना

**करौली** (निं.सं.) अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि रोजगार मेले का मूल उद्देश्य युवाओं को योग्यता के अनुसार उचित रोजगार उपलब्ध करवाना है। रोजगार कार्यालय में बुधवार को आयोजित रोजगार मेले को मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबोधित किया।

मुख्य अतिथि ने बताया कि रोजगार मेले में जिसमें लगभग 550 आशार्थीयों ने भाग लिया निजि क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा 173 बेरोजगार युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया है। साथ ही विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के द्वारा काउन्टर लगाये जाकर युवाओं को उनके द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत हमारा लक्ष्य बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे आशार्थियों को उनकी योग्यता एवं रूचि के अनुरूप रोजगार के उचित अवसर प्रदान करवाना है जिससे जिले में बेरोजगारी में आशाजनक कमी लाई जा सके।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज : अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि आज गुरूवार को प्रातः 11:00 बजे से भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट परिसर के वीसी कक्ष में जिला स्तरीय जनसुनवाई की मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियों के साथ उपस्थित होने दिशा-निर्देश जारी किये गये है ।

# राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया

**भरतपुर** । ब्रह्माकुमारी संस्था की सुरक्षा और सेवा प्रभाग की स्थापना के रजत जयंती समारोह के अवसर पर विश्व शांति भवन भरतपुर के द्वारा राजयोगिनी कविता दीदी के निर्देशन में सुरक्षा बलों में आंतरिक जागृति के द्वारा आध्यात्मिक स्व सशक्तीकरण पर जगह जगह कार्यक्रम आयोजित किये । इसमें स्व सशक्तीकरण से राष्ट्र सशक्तीकरण अभियान के द्वारा सुरक्षा कर्मियों और अधिकारियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में उन्हें राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया।

यह अभियान जयपुर से चलकर भरतपुर में 18 मार्च 2025 को पहुँचा भारतीय सेना,सेवर फोर्ट,786 ब्रिगेड हैडक्वाटर,रिजर्व पुलिस लाइन भरतपुर,रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स भरतपुर में जगह जगह कार्यक्रम आयोजित हुए इस कार्यक्रम में भ्राता कर्नल,कमल गौतम,, कार्यवाहक कमांडर, लेफ्टिकर्नल भ्राता रंजीत कुमार एवं भ्राता मंगतू राम, मेजर , भ्राता शेरसिंह प्रभारी, पुलिस लाइन भरतपुर, भ्राता प्रदीप कुमार तिवारी निरिक्षक भरतपुर, भ्राता राजपाल सिंह उपनिरीक्षक बयाना, भ्राता करण सिंह , भरतपुर आदि की उपस्थिति में कार्यक्रम अलग अलग विषय पर रखे जिसके अंतर्गत ''जवानों को तनाव मुक्ति'' ,विषय के द्वारा ''स्व-सशक्तीकरण'' के साथ ही ''तनाव व क्रोधमुक्त जीवन शैली'' अपनाने तथा ''जीवन को आनंदमय बनाने''का माउंट आबू हैडक्वाटर से ब्र. कु. हेमराज भाई, बालोतरा राजस्थान से ब्र. कु. अस्मिता बहिन, दिल्ली से प्रियंका बहिन, पुणे से ब्र. कु. दत्ता भाई, भरतपुर से ब्र. कु. बबीता बहिन, ब्र. कु. प्रवीणा बहिन, ब्र. कु. योगिता बहिन आदि ने प्रशिक्षण दिया

कार्यक्रम की शुरुआत में भ्राता ब्रह्मा कुमार दत्ता भाई ने सभी इंडियन आर्मी के सुरक्षा कर्मियों के समक्ष अपना उद्बोधन व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व में सभी मनुष्यों को सबसे पहले अपने अंतर्मन को स्वच्छ बनाने की आवश्यकता है क्योंकि अगर हमारा अंतर मन स्वच्छ होगा तो उसी अनुसार हमारी वाणी और उसके साथ-साथ हमारे कर्म भी स्वच्छ बनेंगे । फेकल्टी के रूप में दिल्ली से ब्रह्माकुमारी प्रियंका बहिन ने भी तनाव की मुख्य कारण को बताते हुए कहा कि आज प्रत्येक मानव के अंतर मन में सबसे ज्यादा तनाव संबंधों से अधिक चाहना रखने से प्राप्त हो रहा है क्योंकि रिश्तो में अगर विनम्रता हो तो रिश्ते लंबे समय तक कायम रह सकते हैं इसलिए प्रत्येक मानव को अपने अंतर मन में हर एक के प्रति शुभकामना रखते हुए अपना जीवन यापन करना चाहिए

रिटायर्ड कर्नल भ्राता तेजराम ने 12 वर्ष से लाभ ले रहे मैडिटेशन से होने वाले फायदों को अनुभव के रूप में साँझा किया अभियान दल की प्रमुख ब्रह्माकुमारी अस्मिता बहिन ने कहा कि अगर मानव जीवन में तनाव को समाप्त करना है तो सबसे पहले अपने विचारों को सकारात्मक बनाना होगा और विचार सकारात्मक बनाने के लिए परमात्म शक्ति की आवश्यकता होती है और परमात्मा शक्ति की प्राप्ति होने पर मानव हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है लेकिन सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले स्वयं परिवर्तन जरूरी है इसलिए कहा जाता स्वयं सशक्तिकरण से राष्ट्र सशक्तिकरण संभव है

सभी इंडियन आर्मी के सुरक्षा कर्मियों के समक्ष राजयोग का अभ्यास भी कराया गया कर्नल भ्राता कमल गौतम, , कार्यवाहक कमांडर एवं भ्राता रंजीत कुमार लेफ्टी करनल ने कहा कि आज हम सभी के समक्ष ब्रह्मकुमारी बहनों द्वारा जो सकारात्मक विचार अपनाने के लिए मार्गदर्शन दिए गए हैं हम उनका जीवन में उतारने का अवश्य ही प्रयास और पालन करेंगे तथा अपने अंदर सकारात्मक विचारों को अपनाकर अपने परिवार को हम शांति से भरपूर करेंगे ब्रह्मा कुमारीज के द्वारा किए गए सहयोग को इतने सुंदर विचारों का मैं दिल से धन्यबाद करता हूँ ।

कार्यक्रम में सभी अधिकारीयों को ईश्वरीय साहित्य तथा सौगात वितरित की गई उसके पश्चात सुरक्षा कर्मियों को भी साहित्य वितरित किया गया इस कार्यक्रम में सेवर फोर्ट में 80 इंडियन आर्मी, रिजर्व पुलिस लाइन में 100 एवं में 40 जवानों ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया । इस अवसर पर भ्राता पूर्व कर्नल विजय,(डायरेक्टर आर्मी हॉस्पिटल),ब्र. कु. मिट्टन, ब्र. कु जयसिंह भाई आदि उपस्थित रहे । सुरक्षा सेवा प्रभाग अभियान दल के सदस्यों का ब्रह्मा कुमारी पावन बहन, ब्र. कु. वर्षा बहन, रजनी द्वारा विश्व शांति भवन पहुँचने परव्यिता से किया गया

## केलादेवी में रात्रि चैपाल आज

**करौली** (निं.सं.) आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में आज गुरुवार को सायं 6:00 बजे करौली पंचायत समिति की ठााम पंचायत केलादेवी में रात्रि चैपाल का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान जन समस्याएँ सुनी जायेंगी और मौके पर अधिक से अधिक परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा।


## कार्यालय उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक( द्वितीय )रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली

क्रमांक:-एफ( )आरटीसीएफ/स्टोर/उवसं(द्वितीय)/2024-25/1383 दिनांक: 19.03.2025

### निविदा सूचना

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत लाखों में ( लगभग ) | अमानत राशि | निविदा शुल्क | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र जमा कराने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | इस कार्यालय अन्तर्गत पदस्थापित स्टॉफ को वन एवं वन्यजीवों की ट्रेकिंग एवं मॉनिटरिंग हेतु Track Suit Purchase हेतु | 5,40,000/- | 11,000/- | 500/- | दिनांक 15.03.2025 से दिनांक 21.03.2025 समय 12:00 बजे तक | दिनांक 21.03.2025 समय 2:00 पी.एम. तक | दिनांक 21.03.2025 समय 4.00 पी.एम. |

(NIB No. FOR2425A3747, UBN No. FOR2425GSOB05183)

नोट:- निविदा की शर्तें http://sppp.rajasthan.gov.in देखी जा सकती है।

( पीयूष कुमार शर्मा )
उप वन संरक्षक एवं उप क्षेत्र निदेशक ( द्वितीय )
रणथम्भौर टाईगर रिजर्व करौली

